# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode – 494001

Web: www.smkvbastar.ac.in E-mail-exambastar@gmail.com Telephone 07782-229884, -229215


क्रमांक / 836 / परीक्षा / गोपनीय / श.म.क.वि.वि. / 2023–24 जगदलपुर, दिनांक 01 / 12 / 2023

## / / अधिसूचना / /

विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा सत्र 2023–24 में स्नातक / स्नातकोत्तर कक्षाओं में सम्मिलित होने वाले नियमित / अमहाविद्यालयीन / भूतपूर्व / पूरक परीक्षार्थियों के लिये विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है :–

| क्र. | आवेदन विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने की तिथि। | दिनांक 04.12.2023 से 28.12.2023 तक |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन सबंधित महाविद्यालय में जॉच (Online Verify) कराकर, सहपत्रों सहित जमा करने की तिथि। | दिनांक 04.12.2023 से 30.12.2023 तक |
| 03 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन किये गये मुख्य परीक्षा आवेदनों का हार्डकापी सहित (Verified Student) की सत्यापित सूची एवं अशेष प्रमांण पत्र के साथ महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय मे जमा करने की तिथि। | दिनांक 30.12.2023 से 05.01.2024 तक |

**(A.)** <u>परीक्षा में सम्मिलित होने की अर्हता</u> :– विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं अध्यादेश के अनुसार अर्हतदायी परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रमाण स्वरूप अर्हतादायी परीक्षा की सत्यापित प्रतियां निम्नानुसार संलग्न करें।

1. आनलाईन आवेदन से पूर्व परीक्षार्थी अपने अर्हता का भली भांति परीक्षण करें। हायर सेकेण्डरी / स्नातक स्तर पर अध्ययन विषयों को छोडकर किसी अन्य विषय के स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं तो ऑनलाईन आवेदन करने से पूर्व विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है।
2. 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची की छायाप्रति।
3. यदि इस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2022–23 की किसी परीक्षा में सम्मिलित हुये हो, तो अंकसूची की छायाप्रति।
4. सत्र 2022–23 की वार्षिक परीक्षा एवं उसके पूर्व वि.वि. की परीक्षा में सम्मिलित न हुए हो तो गैप सर्टिफिकेट (नोटरी द्वारा शपथपत्र)।
5. यदि इस विश्वविद्यालय से किसी पाठ्यक्रम का परीक्षा उत्तीर्ण किया हो और इस बीच पाठ्यक्रम में परिवर्तन आ गया हो, तो विषय / प्रश्नपत्रों के चयन के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्रता प्रमाण पत्र अकादमिक शाखा में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर प्रमाण पत्र प्राप्त करके परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संग्लन करें।
6. छत्तीसगढ़ के बाहर स्थित बोर्ड अथवा अन्य विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले परीक्षार्थियों के लिए जारी पात्रता प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
7. वर्ष 2023 या उसके पूर्व अनुचित साधन (U.F.M.) उपयोग करने वाले प्रकरण पर परीक्षा से वंचित किया गया हो, तो उस अधिसूचना की सत्यापित प्रति, जिसमें वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता है, संलग्न करना अनिवार्य है।
8. किसी भी परीक्षार्थी को एक सत्र में वि.वि. की एक से अधिक उपाधि / डिप्लोमा परीक्षाओं में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं है (केवल भाषा में डिप्लोमा एवं डी.सी.ए. वन इयर पार्ट टाइम पाठ्यक्रम को छोड़कर)।

## (B) शैक्षणिक सत्र 2023–24 वार्षिक परीक्षा में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सम्मिलित होने की अर्हता, विषय/प्रश्न पत्रों का चयन संबंधी निर्देश :–

| क्र | कक्षा | परीक्षा के लिए पात्र | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 01 | बी.ए. | 12वीं किसी भी संकाय से उत्तीर्ण परीक्षार्थी बी.ए. स्नातक के लिए पात्र होंगे। | |
| 02 | बी.एस.सी. (जीव विज्ञान समूह) | जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र से 12वीं (हायर सेकेण्डरी) उत्तीर्ण परीक्षार्थी स्नातक बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के लिए पात्र होंगे। | कला, वाणिज्य एवं कृषि संकाय से उत्तीर्ण परीक्षार्थी बी.एस.सी. जीव विज्ञान की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र नहीं है। |
| 03 | बी.एस.सी. (गणित समूह) | गणित, भौतिकी, आई.टी./कम्प्यूटर विषय से 12वीं (हायर सेकेण्री) उत्तीर्ण परीक्षार्थी स्नातक बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के लिए पात्र होंगे। | कला, वाणिज्य एवं कृषि संकाय से उत्तीर्ण परीक्षार्थी बी.एस.सी. गणित समूह/ विज्ञान संकाय की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र नहीं है। |
| 04 | बी.कॉम. | वाणिज्य संकाय से 12वीं (हायर सेकेण्री) उत्तीर्ण परीक्षार्थी स्नातक बी.कॉम. के लिए पात्र होंगे। | कला, विज्ञान, जीव विज्ञान एवं कृषि विज्ञान से उत्तीर्ण परीक्षार्थी वाणिज्य संकाय की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र नहीं होंगे। |
| 05 | बी.सी.ए. | 12वीं (हायर सेकेण्री) किसी भी संकाय से उत्तीर्ण परीक्षार्थी स्नातक बी.सी.ए. के लिए पात्र होंगे। (12वीं हायर सेकेण्री में गणित विषय नहीं है उन्हे स्नातक बी.सी.ए. में ब्रीज कोर्स विषय का चयन करना होगा।) | केवल नियमित/भूतपूर्व/ पूरक परीक्षार्थी पात्र होंगे। |
| 06 | बी.एच.एस.सी. (गृह विज्ञान) | 12वीं (हायर सेकेण्री) गृहविज्ञान से उत्तीर्ण परीक्षार्थी स्नातक बी.एच.एस.सी. के लिए पात्र होंगे। | केवल नियमित/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थी पात्र होंगे। |
| 07 | एम.ए. पूर्व भूगोल | एम. ए. पूर्व–भूगोल में उन्हीं परीक्षार्थियों को पात्रता होगी जिन्होने स्नातक स्तर पर भूगोल विषय का अध्ययन किया है। | |
| 08 | एम.एस.सी. पूर्व गणित | बी.एस.सी. स्नातक गणित विषय से उत्तीर्ण परीक्षार्थी एम.एस.सी. पूर्व के लिए पात्र होंगे। | इंजीनियरिंग स्नातक एव बी.सी.ए. उत्तीर्ण परीक्षार्थी पात्र नहीं होंगे। |
| 09 | एम.कॉम. पूर्व | बी.कॉम. स्नातक उत्तीर्ण परीक्षार्थी एम.कॉम. पूर्व के लिए पात्र होंगे। | |
| 10 | एम.ए.हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत,समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, लोकप्रशासन, प्रा.भा. इतिहास, | किसी भी विषय से स्नातक उत्तीर्ण परीक्षार्थी एम.ए. पूर्व के लिए पात्र होंगे। | |

टीपः–

1. परीक्षार्थियों को उन्ही विषयों एवं प्रश्नपत्र का चयन करना होगा जो महाविद्यालय में संचालित है। जो विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023–24 के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार हो।
2. परीक्षार्थियों को बीच सत्र में विषय/प्रश्नपत्र परिवर्तन करने की अनुमति नहीं है। परिवर्तन करने पर परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त करने योग्य होगा।
3. अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी जिन्होने प्रायोगिक विषय का चयन किया है। उन्हे संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से यह प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करना आवश्यक है, कि परीक्षार्थी ने निर्धारित चार सप्ताह का प्रायोगिक कार्य पूर्ण कर लिया है। अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उक्त प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।
4. जिस महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र घोषित नहीं किया गया है वहाँ अमहविद्यालयीन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे अर्थात परीक्षार्थी उस महाविद्यालय का विकल्प का चुनाव न करें।

## (C) परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने की प्रक्रिया :–

**(I) ABC ID :- सत्र 2023–24 की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के लिए ABC ID (Diglocker Account) करने की प्रक्रिया।**

1. सर्वप्रथम जिन परीक्षार्थियों का आधार कार्ड में मोबाईल नंबर रजिस्टर्ड/अपडेट नहीं है, वे पहले रजिस्टर्ड करेंगे।
2. अपने मोबाईल में Diglocker App डाउनलोड कर ABC ID (Diglocker) की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।
3. यदि पूर्व में Diglocker Account बना है तो मो.नं./पिन के माध्यम से Login कर ABC ID की प्रकिया पूर्ण करेंगे। या Sign up कर प्रकिया पूर्ण करेंगे। तद्पश्चात Student Profile में अपडेट कर ABC ID के आप्शन का चुनाव कर प्राप्त ABC ID नं. दर्जकर प्रकिया पूर्ण करेंगे।
4. जिन परीक्षार्थियों का पूर्व में ABC ID की प्रक्रिया पूर्ण हो गया है वे दोबारा ABC ID की प्रक्रिया न करें।

**(II) नियमित परीक्षार्थियों के लिए :–**

1. नियमित परीक्षार्थी (बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.-भाग–1) विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** के माध्यम से Apply for Annual (Main) Exam का चयन करने के पश्चात् Student Login में User ID & Password Login कर Apply for Examination में मुख्य परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेंगे।
2. बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.. भाग–2,3 के नियमित परीक्षार्थी सत्र 2022–23 के परीक्षा में प्राप्त User-ID & Password से विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में Student Login में User-ID & Password Login कर Apply for Examination में मुख्य परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेंगे।
3. नियमित परीक्षार्थी अपने User-ID से यदि Enrollment में Document Upload कर दिये हो तो पुनः Document Upload करने की आवश्यकता नहीं है।

**(III) भूतपूर्व परीक्षार्थियों के लिए :–**

1. बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.- भाग–1,2,3 (बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए बी.एच.एस.सी.-भाग–2 पूरक पुराना कोर्स ) के परीक्षार्थी सत्र 2022–23 के परीक्षा में प्राप्त User -ID & Password से विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में Student Login में User- ID & Password Login कर Apply for Examination में परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेगें।

**(III) अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के लिए :–**

1. बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.- भाग–1 के छात्र New Rgistation Private से User-ID & Password प्राप्त कर महाविद्यालय से Verify कराने के पश्चात् विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में Student Login में User-ID & Password Login कर Apply for Examination में परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेगें।
2. बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.सी.ए. बी.एच.एस.सी.. भाग–2,3 द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं एम.ए. पूर्व/अंतिम, एम.कॉम, एम.एस.सी. गणित पूर्व/अंतिम के अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी सत्र 2022–23 के परीक्षा में प्राप्त User-ID & Password से विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में Student Login में User-ID & Password Login कर Apply for Examination में परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेगें।
3. ऐसे परीक्षार्थी जो अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.एच.एस.सी.. भाग–2,3 द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं एम.ए. पूर्व/अंतिम, एम.कॉम, एम.एस.सी. गणित पूर्व/अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण/अनुर्तीण है शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करना चाहते हैं उन्हें पात्रता अनिवार्य होगी। वे बिन्दु कमांक एक के अनुसार ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेगें।
4. ऐसे परीक्षार्थी जिन्होंने शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, की परीक्षा में सम्मिलित हुए हो तथा User-ID & Password नहीं है। ऐसे छात्र GAP Examination Form से User-ID & Password प्राप्त कर विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में Student Login में User-ID & Password Login कर Apply for Examination में परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूर्रित करेगें।
5. परीक्षार्थी अपने User-ID से Enrollment/Exam Document Upload में जाकर Document Upload करेंगे।
6. सत्र 2022–23 में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर की परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों का User- ID अंकसूची/पूर्व प्रवेश पत्र में अंकित है ऐसे परीक्षार्थी जो Password भूल गये हैं वे Forgot Password/Re-Send User-ID and Password Option में जाकर आवश्यक जानकारी दर्जकर पुन Password प्राप्त कर सकते हैं।

**(IV) श्रेणी सुधार परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–**

1. केवल स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए ही श्रेणी सुधार हेतु आवेदन कर सकते है।
2. इस विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को ही श्रेणी सुधार की पात्रता होगी। अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण परीक्षार्थी पात्र नहीं होंगे।
3. श्रेणी सुधार हेतु परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय से अनुमति लेना होगा तदपश्चात ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकापी महाविद्यालय में जमा करेंगे।
4. श्रेणी सुधार शुल्क निर्धारित शुल्क से दोगुना। (पूर्व का दोगुना एवं अंतिम का दोगुना ऑनलाईन जमा करना होगा।) ऑनलाईन भुगतान किये गये शुल्क के अतिरिक्त दोगुना शुल्क Student Login + Submit Other Fees के माध्यम से जमा करेगें।

## (D) परीक्षा शुल्क संबधी आवश्यक निर्देश :–

**1. Annual Examination fees for the Regular Student Session. 2023-24**

| क्र | Name of the Examination | परीक्षा शुल्क | अंकसूची शुल्क | छात्र कल्याण शुल्क | भवन एव फर्नीचर शुल्क | ग्रंथालय शुल्क | केन्द्र शुल्क | शारीरिक शिक्षा शुल्क | स्थाई निधि | कुलपति आकस्मिक | पंजीयन शुल्क | अनुमति शुल्क | परीक्षा विकास शुल्क | उपाधि शुल्क | लघुशोध / प्रोजेक्ट | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | B.A./B.Com-I,II, III | 775 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | - | - | - | - | - | 1015 |
| 2 | B.Sc/B.H.Sc. -I, II, III | 800 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | - | - | - | - | - | 1040 |
| 3 | B.C.A. - I,II, III | 1760 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | - | - | - | - | - | 2000 |

**Annual Examination fees for the Non College/Ex.Student/Supply Student Session. 2023-24**

| क्र | Name of the Examination | परीक्षा शुल्क | अंकसूची शुल्क | छात्र कल्याण शुल्क | भवन एवं फर्नीचर | ग्रंथालय शुल्क | केन्द्र शुल्क | शारीरिक शिक्षा | स्थाई निधि शुल्क | कुलपति आकस्मिक | पंजीयन शुल्क | अनुमति शुल्क | परीक्षा विकास शुल्क | उपाधि शुल्क | लघुशोध / प्रोजेक्ट | कुल योग | पूरक परीक्षा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | B.A./B.Com-I,II, III | 935 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | 70 | 170 | 30 | - | - | 1445 | 720 |
| 2 | B.Sc/B.H.Sc. -I, II, III | 935 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | 70 | 170 | 30 | - | - | 1445 | 1000 |
| 3 | B.C.A.-I,II, III (Ex.) | 1760 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | - | - | - | - | - | 2000 | 1000 |
| 4 | M.A./M.Com Previous | 935 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | 70 | 170 | 30 | - | - | 1445 | |
| 5 | M.A./M.Com Final | 935 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | 70 | 170 | 30 | -- | 180 | 1625 | |
| 6 | M.Sc.Previous Maths | 935 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | 70 | 170 | 30 | - | - | 1445 | |
| 7 | M.Sc. Final Maths | 935 | 40 | 20 | 20 | 30 | 60 | 50 | 10 | 10 | 70 | 170 | 30 | - | 180 | 1625 | |

### <u>आवश्यकतानुसार अन्य शुल्क निम्नानुसार देय होगा</u>

**a.** अग्रेषण शुल्क नियमित/अमहाविद्यालयीन/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थियों के लिए रू. 30/–

**b.** अतिरिक्त विषय रू. 120.00 स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में पर्यावरण अध्ययन विषय लेने पर अतिरिक्त विषय के रूप में ऑनलाईन भुगतान करना होगा।

**c.** अप्रवासन शुल्क रू. 250.00 छ.ग. के बाहर के बोर्ड अथवा वि.वि. से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों के लिए ऑनलाइन भुगतान करना होगा।(Student Login- Student Other Fees के माध्यम से जमा करेगें)

**d.** ऑनलाइन केन्द्र परिवर्तन शुल्क रू. 200.00 (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक)

**e.** विषय/प्रश्न पत्र परिवर्तन शुल्क रू. 120/– (ऑनलाईन भुगतान करना होगा।)

**f.** संकाय परिवर्तन शुल्क रू. 120/– (ऑनलाईन भुगतान करना होगा।)

**g.** विवाहोपरांत नाम/उपनाम परिवर्तन शुल्क रू. 150.00 (केवल महिलाओं के लिए)

**h.** त्रुटि सुधार शुल्क रू. 100.00 (नाम/उपनाम/अंक सुधार एवं अन्य ऑनलाईन करना होगा।)

2. परीक्षा आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड कर ऑनलाईन आवेदन की समस्त प्रकिया पूर्ण करें।

3. परीक्षार्थी परीक्षा फार्म भरने के पश्चात पुनः समस्त भरे हुए ऑनलाईन आवेदन का परीक्षण करें, सही होने पर ही परीक्षा शुल्क के Option में जाकर नियमित/अमहाविद्यालयीन/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क अधिसूचित भारतीय बैंक के डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिग के माध्यम से परीक्षा शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर सकेंगे। Submit Fee में Click कर ऑनलाईन शुल्क भुगतान करेगें।

4. परीक्षार्थी परीक्षा फार्म भरने के पश्चात पुनः समस्त भरे हुये ऑनलाईन आवेदन का परीक्षण करें, सही होने पर ही परीक्षा शुल्क के Option में जाकर नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. वाले परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क अधिसूचित भारतीय बैंक के डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान कर सकेंगे।

5. परीक्षा फीस का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन के प्रिंटआउट की एक प्रति समस्त दस्तावेजों सहित महाविद्यालय में जमा करें तथा दूसरी प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।

6. परीक्षार्थियों ने Exam Fees का भुगतान कर दिया है और उसके अकांउट से निर्धारित शुल्क की राशि कट गई है एंव Transaction स्टेटस Pending दिखा रहा हो तो दोबारा पेमेंट ना करें। पोर्टल में Transaction Complain में जाकर ऑन लाईन भुगतान करते समय प्राप्त Transaction ID को दर्ज करें। Transaction ID को Copy कर Paste भी कर सकते हैं एवं Try Settlement पर Click करें।

7. परीक्षार्थी ऑनलाईन भुगतान सावधानी पूर्वक करें। बार–बार भुगतान करने के प्रयास से अधिक भुगतान होने पर फीस वापसी नहीं किया जायेगा (Try Settlement का प्रयोग करें।)

8. ऑनलाईन भुगतान करते समय अपने बैंक खाते का विवरण, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग का नम्बर/यूजर आईडी/पासवर्ड/पिन किसी भी अन्य व्यक्ति से साझा न करें। सुरक्षा सर्तकता और गोपनीयता की जिम्मेदारी आपकी होगी।

9. अप्रवासन शुल्क रू. 250.00 छ.ग. के बाहर के बोर्ड अथवा वि.वि. से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों के लिए ऑनलाइन भुगतान करना होगा।(Student Login + Submit Other Fees के माध्यम से जमा करेगें।

10. राज्य शासन के निर्णयानुसार दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क में छूट की पात्रता होगी। दृष्टिहीन परीक्षार्थियों का प्रमाण पत्र को ऑनलाईन परीक्षण करने के पश्चात् ही परीक्षा शुल्क में छूट की पात्रता होगी।

## (E) Complain Box

यदि परीक्षार्थी को ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्याएँ हो तो विश्वविद्यालय के वेबसाईट में शिकायत करने की प्रक्रिया निम्नानुसार है:–

- सबसे पहले वि.वि. के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** से Other- Complain Box में Click करेगें।
- परीक्षार्थी अपना Name, Mobile No., User Id दर्ज कर अपना Problem Message Box में दर्ज करेगें। Submit Complain में Click करेगें।
- अपने Complain की स्थिति जानने के लिए Track Complain में Click करेगें।

## (F) हेल्प लाईन नं.:–

- विश्वविद्यालय :– 07782-229884-229215
- वेबसाईट :– 9329021473, 9343640380, 9343619284

## (G) नामांकन /पंजीयन कमांक :–

नियमित परीक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया नामांकन अंक की प्रविष्टि निर्धारित स्थान पर करेगें। अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों का पंजीयन कमांक (प्रथम वर्ष को छोड़कर) अन्य कक्षाओं की परीक्षार्थियों को पूर्व में प्राप्त नामांकन अपने परीक्षा आवेदन में करेगें। अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पश्चात् नामांकन अंक प्रदान किया जावेगा।

## (H) परीक्षा का माध्यम :–

परीक्षा का माध्यम हिंदी अथवा अंग्रेजी निर्धारित है। भाषा विषयों को छोड़कर अन्य भाषा में लिखी गई उत्तरपुस्तिका का मूल्याकंन नहीं कराया जावेगा। अतः हिन्दी या अंग्रेजी माध्यम का ही चयन करें।

## (I) निवास प्रमाण–पत्र :–

1. अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी के लिए यह आवश्यक है, कि वह विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में अर्थात् बस्तर, कांकेर, नारायणपुर, कोण्डागांव, दन्तेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, जिले का मूल निवासी हो अथवा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि से 12 माह पहले से निवास कर रहा हो।
2. निवास संबंधी उक्त शर्त को पूर्ण करने के लिये परीक्षार्थी को संबंधित जिले के जिलाधीश/अनुविभागीय दण्डाधिकारी/तहसीलदार/अथवा अधिकृत सक्षम अधिकारी से प्राप्त प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
3. विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य भी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित करने हेतु अस्थाई निवास प्रमाण–पत्र दे सकते हैं इसके लिये परीक्षार्थी को स्वयं उनके माता/पिता अथवा स्थानीय संरक्षक को विधिवत शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह बस्तर संभाग के जिले का निवासी है।
4. केन्द्र अथवा राज्य शासन के कर्मचारी अथवा उनके पाल्य या उन पर आश्रित के लिये संबधित विभाग के विभागध्यक्ष द्वारा दिया गया प्रमाण–पत्र निवास प्रमाण–पत्र के लिए मान्य होगा।
5. जो परीक्षार्थी इस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 2023 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुये थे, उन्हें पुनः निवास प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता नहीं है। एक वर्ष से अधिक गेप होने पर निवास प्रमाण पत्र पुनः देना होगा।
5. राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी/नेवी/आर्मी/वायुसेना/अर्धसैनिक बल इत्यादि के कर्मचारी उनके सक्षम अधिकारी से अनुमति पत्र प्राप्त कर संलग्न करें। उन्हें निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

## (J) महाविद्यालय के प्राचार्य अग्रेषणकर्ता अधिकारी (प्राचार्य/रजिस्ट्रार) के लिये आवश्यक निर्देशः–

1. यदि महाविद्यालय द्वारा किसी भी कक्षा/परीक्षार्थी का Admission Lock नहीं किया गया है तो तत्काल Lock करें, अन्यथा परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन नहीं कर सकेंगे।
2. परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन के साथ अपलोड किये गये दस्तावेजों का कार्यलयीन अभिलेखों के अनुसार परीक्षण करना आवश्यक है।
3. परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन के साथ अपलोड किये गये दस्तावेजों का जॉच (Document Verification) करने की प्रक्रिया वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में प्राचार्य/विभागाध्यक्ष के User-ID & Password के माध्यम से निम्नानुसार होगाः–
   - Manage student में Click करेगें।
   - Exam Document Verify में Click करेगें।
   - User-ID का View Document में Click करेगें। आवश्यकतानुसार दस्तावेज अपलोड होने पर Verify करेगें।
   - Dashboard Exam Document University Remark "Click Here" से सूची प्राप्त करेगें।
4. परीक्षार्थी द्वारा जमा कराये गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन के हार्ड कापी के साथ संलग्न अर्हतादायी कक्षा की अंकसूची की सत्यापित प्रति, आदि का परीक्षण करेगें तथा परीक्षार्थी जिस कक्षा के परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन आवेदन किया है उसके लिये पात्र हैं तथा उस कक्षा का अध्ययन/अध्यापन संबधित महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र में हो रहा है तथा विश्वविद्यालय से उस पाठयक्रम का सम्बद्धता प्राप्त है।
5. प्रायोगिक विषय वाले अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थीयों के परीक्षा आवेदन तभी अग्रेषित किये जावे जब परीक्षार्थियों ने महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा हेतु पंजीयन कराया है तथा 4 सप्ताह का प्रायोगिक कार्य पूर्ण किया है। बेहतर होगा कि प्रायोगिक पंजीयन के सर्टिफिकेट प्रस्तुत करने पर ही परीक्षा आवेदन स्वीकार करें।
6. अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन महाविद्यालय में बैठक क्षमता को ध्यान में रखते हुये अग्रेषित किये जावें। क्षमता से अधिक होने पर शासकीय स्कूल आदि भवनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर आवेदन अग्रेषित कर सकते हैं।
7. प्रथम वर्ष के परीक्षार्थी नामांकन/पंजीयन हेतु यदि ऑनलाईन आवेदन नहीं किया है तो उसे नियमित परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।
8. शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर की सत्र 2022–23 की परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का आवेदन विशेष रूप से परीक्षण किया जावे कि परीक्षार्थी जिस कक्षा के लिये आवेदन किया है उसके लिए अर्हता है।
9. दूसरे विश्वविद्यालय या प्रदेश के बाहर के बोर्ड की परीक्षा उतीर्ण कर आने वाले परीक्षार्थियों का पात्रता, माईग्रेशन का परीक्षण करें तथा परीक्षा आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज में मूल प्रति संलग्न करावें । (रसीद संलग्न करें)
10. अप्रवासन शुल्क एवं अतिरिक्त विषय शुल्क ऑनलाईन भुगतान किया जाना है अतः महाविद्यालय में राशि जमा न करावें।

11. परीक्षार्थी द्वारा जमा की गई शुल्क की राशि जमा की गई है वह निर्धारित राशि अनुसार है का परीक्षण आवश्यक है। (चूँकि ऑनलाईन आवेदन की प्रिन्टआउट में शुल्क का विवरण अंकित रहता है अतः पृथक से शुल्क की रसीद का मांग न किया जाय।)
12. विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में College Login में प्राचार्य के User-ID & Password Login कर नामिनल सूची की प्रति प्राप्त करेगें। जिसे महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन किये गये मुख्य परीक्षा आवेदनों का (Verified Student) की सत्यापित सूची एंव अशेष प्रमाण पत्र के साथ विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करना होगा।
13. ऐसे परीक्षार्थी जो पात्र न होते हुए भी ऑनलाईन आवेदन किया है वे परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे तथा उनके परीक्षा आवेदन निरस्त होंगे।
14. अग्रेषणकर्ता अधिकारी विश्वविद्यालय को इस आशय का अशेष प्रमाण पत्र देगें कि महाविद्यालय में किसी भी परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन शेष नहीं है।
15. परीक्षार्थी द्वारा जमा किये ऑनलाईन आवेदन में उल्लेखित समस्त विवरण तथा संलग्न समस्त दस्तावेजों का भली भॉति परीक्षण कर ले अन्यथा परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन निरस्त होने एवं सम्मिलित नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।
16. शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत में दिये गये प्रावधानों के अनुसार पालन करना अनिवार्य होगा।

**(K) परीक्षा समय सारणी :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, द्वारा समय सारिणी (Time Table) यथा समय जारी की जाएगी। परीक्षार्थी अपनी परीक्षा की तिथियॉ परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय के सूचना पटल से तथा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में देख सकते हैं।

**(L) प्रवेश पत्र :–**

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 दिन पूर्व शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** से प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र सुरक्षित रखें, बिना प्रवेश पत्र के अंकसूची प्रदाय नहीं किया जावेगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 837 / परीक्षा / गोपनीय / श.म.क.वि.वि. / 2023–24 जगदलपुर, दिनांक 01 / 12 / 2023

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)।
2. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा, रायपुर (छ.ग.)।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी द्वितीय तल, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर (छ.ग.)।
4. मान. कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त विभाग, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
7. समन्वयक, IQAC शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
8. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. आई.टी. सेल / वेबसाईट प्रभारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. सूचना पटल में चस्पा।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)